तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 सितंबर 2024

11 पंडित दीनदयाल के सिद्धांतों को भाजपाइयों ...

12 एक शिक्षक के भरोसे पांच कक्षाओं का संचालन...




## खबर संक्षेप

### कार्यों को समयसीमा पर पूरा कराएं: कलेक्टर

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली। बैठक में उन्होंने मिशन अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत देयकों के भुगतान हेतु बजट आवंटन सीमा मांग हेतु ऑनलाईन डिमाण्ड प्रविष्ट के अनुमोदन, रेट्रोफिटिंग नलजल, एकल ग्राम जलप्रदाय तथा सोलर आधारित जलप्रदाय योजनाओं के देयकों का अनुबंध की कंडिका 2 के तहत अधिकतम 6 प्रतिशत अर्थदण्ड की राशि अधिरोपित करते हुए देयकों के भुगतान हेतु समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे समस्त कार्यों को गुणवत्तायुक्त निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा अप्रारंभ कार्यों को तत्काल प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही अप्रारंभ कार्यों को प्रारंभ करने में विलम्ब किया जाता है तो फर्म एजेंसी के अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

### परतेवा में कल कबड्डी स्पर्धा का होगा आयोजन

**राजिम।** राजिम क्षेत्र के ग्राम परतेवा में भव्य कब्बडी स्पर्धा का आयोजन कल शुक्रवार 27 सितंबर को आयोजित किया जाएगाहै। यह जानकारी देते हुए इंटक के जिलाध्यक्ष होरीलाल वर्मा ने बताया कि विजयी टीम को प्रथम पुरस्कार 9999 रूपए,द्वितीय पुरस्कार 7777 रूपए,तृतीय पुरस्कार 4444 रूपए और चतुर्थ पुरस्कार 2222 रूपए दिया जाएगा। पुरस्कार वितरण 28 सितंबर शनिवार को किया जाएगा। पुरस्कार वितरण के अतिथि जिला अध्यक्ष इंटक होरी लाल वर्मा , महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पदमा दुबे , ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपेश साहू, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पवन सोनकर, इंटक के सचिव वीरेंद्र साहू , ठेकेदार गिरधारी यादव होंगे।

### आत्मानंद स्कूल राजिम का मामला

# विधायक रोहित से पालकों ने की भेंट प्राचार्य के फौरन हटाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल राजिम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के पालकों शिवराज देवांगन,भुरू ठाकुर,नंदनी सोनकर,जानकी सोनकर,ललित सोनकर,रूपचंद,अभय राम,डिगेश्वरी साहू,रमेश कुमार ने राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर लिखित शिकायत पत्र देते हुए प्राचार्य को पद से हटाने की मांग किया है।

विधायक रोहित साहू को सौंपे गए शिकायती पत्र में पालकों ने बताया है कि स्कूल के प्राचार्य संजय एक्का द्वारा उनके बच्चों के साथ लगातार दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। जिसके चलते स्थिति आज यह हो गई है कि उनके बच्चे स्कूल जाने से कतराने लगे हैं। प्राचार्य की नियुक्ति में वरिष्ठता को नजरअंदाज करने, अयोग्य बच्चों को दाखिला देने, स्कूल में गुटबाजी को बढ़ावा देने सहित अन्य आरोप लगाएं हैं। पालकों का कहना है कि विधायक, स्कूल के हित और सभी के बच्चों की सुरक्षा व भविष्य के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए, उन लोगों द्वारा प्रस्तुत शिकायती पत्र की उच्च स्तरीय अधिकारियों का दल गठित कर जांच करवाने की मांग की है। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर प्राचार्य एक्का के विरुद्ध अधिनियम अनुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें हटाने की मांग की है। विधायक रोहित साहू के बिजी होने पर उनके पीए किशोर साहू ने बताया कि शिकायत मिली है। इस संबंध में विधायकजी के निर्देशानुसार कार्रवाई होगी।




#### जांच कर लें

इस संबंध में आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य संजय एक्का का कहना है कि जो शिकायत हुई है, उसकी जांच के लिए हर तरह से तैयार हूं।

## प्रधानपाठक को हटाने की रखी मांग, ग्रामीणों की तालाबंदी की चेतावनी

### प्राथमिक शाला खुर्सीडीह मोंहदा का मामला

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 15 किमी दूर प्राथमिक शाला खुर्सीडीह मोंहदा के प्रधानपाठक को हटाने को लेकर ग्रामीणों ने गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल को मांगपत्र सौपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधानपाठक आए दिन शराब के नशे में स्कूल में आकर बच्चों को पढ़ाना तो दूर हो हल्ला मचाते रहते हैं।

कई बार शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों द्वारा उन्हे समझाने की कोशिश की गई, लेकिन वह समझने का नाम नहीं ले रहे हैं। प्रधानपाठक के कारण स्कूल की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि तत्काल प्रधानपाठक को हटाया जाए नहीं तो स्कूल में तालाबंदी करने मजबूर होंगे। इस मौके पर युवा कांग्रेस विधानसभा महासचिव यशवंत कुमार यादव, महेन्द्र कुमार, देवसिंग दिवान भुवनलाल, रोहित मरकाम, नीराबाई दिवान,भानुमति यादव,फूलेश्वरी यादव,बोहरन नागेश,नुतन मरकाम,भुनेश्वर कमलेश,देव दिवान,रेखा मरकाम,महेन्द्र यादव,शिवचरण सहित ग्रामीणों ने तत्काल नशेड़ी शिक्षक को हटाने की मांग की है।



## मोटराइज्ड ट्रायसायकिल को चार्ज के दौरान लगा करंट, जांघ की हड्डी टूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



दोनों पैर से दिव्यांग ओमप्रकाश मोटराइज्ड ट्रायसायकिल को चार्ज करने के दौरान घायल हो गया है। चार्ज के दौरान करंट लगने से गिरने पर बाएं जांघ की हड्डी टूट गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। सक्षम अटेंड नहीं के कारण स्थानीय अस्पताल में इलाज करा है।

- दोनों पैर से दिव्यांग है ओमप्रकाश
- मदद की लगा रहे गुहार

जानकारी के अनुसार घूमरगुड़ा पंचायत के ऊपर पारा में रहने वाले 30 वर्षीय ओमप्रकाश प्रधान को मदद की दरकार है। जन्मजात दिव्यांग ओमप्रकाश को 5 माह पहले समाज कल्याण विभाग से मोटराइज्ड ट्राय सायकिल मिली है। ट्रायसायकिल को चार्ज कर रहा था। इस दौरान चार्जिंग बॉक्स को उठाते ही जोरदार करंट लगा। करंट के झटके ने जमीन पर ऐसा गिरा की उसकी बायें जांघ की हड्डी क्रेक हो गई। इसी टूटे हड्डी के साथ पिछले नौ दिनों से पीड़ित परिवार मदद की आस में बैठा है।

### दो मासूम बच्चों के साथ पत्नी और मां रहते है

परिवार गरीब है,मिले इंदिरा आवास में एक साथ रहते हैं।महिला सदस्य की मजदूरी ही इनके आय का स्रोत है।हालात से पुरा गांव वाकिफ है पीड़िता की पत्नी मिथुला ने कहा की मैं अकेली महिला उठा नही सकती,लाने ले जाने के लिए कोई मदद मिला तो ही बाहर अस्पताल जा पाएंगे।इलाज में खर्च के लिए फूटी कौड़ी नही है,ना ही जरूरी दस्तावेज है, ऐसे में रात दिन दर्द से कराह रहे पति को घरेलू उपचार के जरिए राहत देने की कोशिश हो रही है।

### अटेंडर नियुक्त करने प्रशासन को लिखेंगे पत्र

बीएमओ डॉक्टर प्रकाश साहु ने कहा की स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सारा उपचार दिया गया है।फॉलोअप कराता हु,मोबाइल नंबर के जरिए जरूरी दस्तावेज निकाल लिया जाएगा। अटेंडर की समस्या आ रही होगी तो एसडीएम सर से पत्रचार कर अटेंडर के लिए आग्रह किया जाएगा।पीड़ित का हड्डी क्रैक है उन्हे उच्च अस्पताल से ही उचित उपचार मिल पाएगा।

### अटेंडर नही इसलिए नहीं गए बड़े अस्पताल

घटना 15 सितंबर की थी,घटना के बाद 108 के सहारे देवभोग अस्पताल ले जाया गया।डॉक्टर ने करेंट के उपचार के साथ ही टूटी हड्डी का प्राथमिक इलाज कर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया,लेकिन परिवार में कोई पुरुष सदस्य अटेंड के लिए नही होना बता कर जिला अस्पताल या फिर उच्च अस्पताल नही गए। बूढ़ी मां और पत्नी मिथूला घर पर ही रह कर पीड़ित की देखभाल कर रहे है।पीड़ित ने बताया की उसका आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड खो गया है,इसके अभाव उसे ऊपर इलाज नहीं मिलेगी इसकी भी उसे आशंका है।



## खबर संक्षेप

### बिन्द्रानवागढ़ विधायक ध्रुव ने पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी अजहरूद्दीन से की मुलाकात



**मैनपुर**– बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव इन दिनों आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने दिल्ली प्रवास पर हैं। इस दौरान उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरूद्दीन से भी मुलाकात की। साथ ही उन्हे गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में आने का निमंत्रण दिया है। इस दौरान आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी राव मोघे एवं कांग्रेस नेता अरूण सोनवानी भी उपस्थित थे।

### परसटटी के बुजुर्ग रोहित साहू को मिला श्रवण यंत्र




**फिंगेश्वर।** सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र फिंगेश्वर में ग्राम परसठ्ठी के हितग्राही बुजुर्ग रोहित साहू पिता मोहन साहू उम्र 71 वर्ष को 25 सिंतबर को समाज कल्याण विभाग द्वारा श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिगेश्वर मे छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू,डॉ देवेन्द्र भारती, राजिम भक्तिन मंदिर के पुर्व संरक्षक कुंजन लाल साहू,बोरसी परिक्षेत्र पूर्व अध्यक्ष रुप कुमार साहू,दिव्यांग संघ के जिलाध्यक्ष जागेश्वर साहू उपस्थित थे।

### फुटपाथ निर्माण कार्य का नपं अध्यक्ष रेखा ने किया भूमिपूजन



**राजिम।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 में बुधवार को फुटपाथ निर्माण कार्य के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर ने भूमिपूजन किया । इस अवसर पर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष रेखा-कुलेश्वर साहू, सभापति पूर्णिमा चंद्राकर, कुमार साहू ,वेदराम साहू ,झाड़ू राम साहू ,किशन साहू ,संतराम साहू ,तुलसीराम साहू ,गजेंद्र साहू ,दयाराम साहू ,संजू सोनकर ,सद्दाम अली ,शांति साहू ,मोनिका साहू ,उत्तर साहू ,कुमार यादव सहित वार्डवासी मौजूद थे। वार्डवासियों ने फुटपाथ निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर एवं उपाध्यक्ष रेखा साहू का आभार माना।

### उमस और गर्मी से लोग हो रहे हलाकान



**रसेला।** आसमान में बादल तो छाएं है और कभी- कभी बारिश भी हो रही है फिर नतीजतन गर्मी और उमस ने लोगों को हलाकान कर रखा है। बरसात के मौसम में दिन रात एसी कूलर चलाना पड़ रहा है। मुसीबत ये कि घर दुकानों को ठंडा करने के सारे जतन भी फेल होते नजर आ रहे हैं। झमाझम बारिश होने के साथ भी उमसभरी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। बारिश रूकते ही उमस और गर्मी प्रचंड तांडव करने लगते हैं। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने बताया कि गर्मी और उमस का वातावरण खरीफ धान के लिए अच्छा होता है। किसानों के अनुसार तेज धूप और उमस से धान के पौधों की बाढ़ मतलब ग्रोथ अच्छी होती है। उमस से धान के पौधों में कसे भी अधिक आते हैं। बदली के मौसम में फ़सल पर कीट प्रकोप की अधिक शिकायत आती है परंतु तेज धूप तथा गर्मी की वजह से पौधों में कीट समस्या भी कम होती है।

# किसानों को लगातार बिजली देने राजिम में बन रहा 220 केवी का विद्युत उपकेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी प्रदेश में किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत की आपूर्ति के लिए अपनी पारेषण क्षमता में निरंतर वृद्धि कर रही है।

बता दें कि राजिम स्थित विद्यमान 132 केवी विद्युत उपकेन्द्र का 220 के.व्ही. में उन्नयन किया जा रहा है। इसकी लागत लगभग 82 करोड़ रुपए है, जिसमें 35 कि.मी. लंबी 220 के.व्ही. डबल सर्किट लाइन का निर्माण भी सम्मिलित है। विभागीय अमले में निर्माण कार्य की दक्षता कायम रखने इस उपकेन्द्र के उन्नयन का कार्य लेबर कांट्रेक्ट पर कंपनी के इंजीनियरों के निर्देशन में किया जा रहा है। प्रबंध निदेशक श्री शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश एवं पॉवर कंपनी के अध्यक्ष पी.दयानंद के कुशल नेतृत्व में ट्रांसमिशन कंपनी पारेषण प्रणाली की दक्षता पर विशेष ध्यान दे रही है एवं लक्ष्य तय कर उसके अनुरूप अंतःराज्यीय विद्युत अधोसंरचना का विकास निरंतर किया जा रहा है। राजिम एवं आसपास के क्षेत्र के लिए वर्तमान में विद्युत की आपूर्ति क्रमशः 220 के.व्ही.उपकेन्द्र गुरूर (बालोद), परसवानी (महासमुंद) एवं सरायपाली से जारी है, जिसमें ग्रीष्मकाल में लोड में वृद्धि हो जाती है। राजिम में निर्माणाधीन 220 के.व्ही. उपकेन्द्र का कार्य आगामी ग्रीष्म ऋतु के पूर्व पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस उपकेन्द्र के लिए दोनों ट्रांसफॉर्मर राजिम आ गये हैं। ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश शुक्ला ने वरिष्ठ अभियंताओं के साथ इस कार्य का अवलोकन किया एवं कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए इस उपकेन्द्र को आगामी ग्रीष्मकाल के पूर्व उर्जीकृत करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये ताकि आगामी फसलचक्र तक किसानों को वोल्टेज की समस्या उत्पन्न न हो एवं उन्हें गुणवत्तापूर्ण बिजली प्राप्त हो सके। राजिम में ट्रांसमिशन कंपनी का 132 के.व्ही.उपकेन्द्र वर्ष 2003 से क्रियाशील है। इस उपकेन्द्र के साथ लगी रिक्त भूमि पर 220 के.व्ही. उपकेन्द्र का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें 160 एम.व्ही.ए. के दो ट्रांसफॉर्मर स्थापित हो सकेंगे। इस उपकेन्द्र के लिए 220 के.व्ही. डबल सर्किट लाइन का कार्य भी जारी है।

## ग्रीष्मकाल में बढ़ जाता है लोड, मिलेगा छुटकारा





### ये भी रहे उपस्थित

इस अवसर पर एम.डी. श्री शुक्ला के साथ कार्यपालक निदेशक के.एस.मनोठिया, आर.सी. अग्रवाल, डी.के. तुली, जी. आनंद राव, अति. मुख्य अभियंता चंद्रकला गिडवानी, अधीक्षण अभियंता व्ही.ए.देशमुख, राजेंद्र राठौर, आर.के.तिवारी, करूणेश यादव, यू.आर.मिर्चे, कार्यपालन अभियंता प्रत्युष अग्रवाल, नवापारा डीई शिव गुप्ता , दीपक आहार, उमाकांत यादव एवं सहायक अभियंता प्रोबल मित्रा उपस्थित थे।

## जागरुकता अभियान: नवापारा पहुंची कौशल विकास यात्रा का स्वागत

# कौशल विकास का बताया महत्व, करियर मार्गदर्शन करते हुए, बच्चों की जिज्ञासाओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विगत 39 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट द्वारा विद्यार्थियों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति जागरुकता लाने एवं करियर काउंसलिंग के उद्देश्य से निकली देशव्यापी कौशल विकास यात्रा 25 सितंबर को नवापारा पहुंची। सैकड़ों विद्यार्थियों ने कौशल विकास यात्रा का शानदार स्वागत किया। वहीं सेमिनार का आयोजन भी किया गया। सेमिनार में यात्रा के साथ चल रहे विषय विशेषज्ञों ने कौशल विकास के महत्व बताते हुए करियर मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

■ कौशल विकास रोजगार पाने की राह में एक मुख्य साधन : ज्ञानेश्वर

इस मौके पर मुख्य अतिथि ज्ञानेश्वर चंदेकर ने विद्यार्थियों से कहा कि कौशल विकास रोजगार पाने की राह में एक मुख्य साधन है। कौशल के महत्व को भारत सरकार भी रेखांकित कर रही है। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी का यह ध्येय होना चाहिए कि वे स्वयं को उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप कौशल से युक्त बनाएं।







इस दौरान कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ पवन वर्मा ने विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए शासकीय एवं अन्य योजनाओं जैसे बैंकिंग एवं अन्य ऑनलाइन सेवाओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। गौरतलब है आईसेक्ट द्वारा वाहनों को विशेष रूप से तैयार किया गया है। इन यात्रा वाहनों पर कौशल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की ब्रांडिंग से सुसज्जित किया गया है साथ ही इन वाहनों में कौशल विकास की योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री उपलब्ध है जो यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में वितरित की जा रही है। कार्यक्रम में आईसेक्ट के प्रतिभावान उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आईसेक्ट राज्य कार्यालय के ज्ञानेश्वर चंदेकर, विषय विशेषज्ञ पवन वर्मा, आईसेक्ट नवापारा के संचालक बलराम देवांगन,साखी निर्मलकर, खिलेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, गरिमा साहू, संध्या यादव, पूर्वी साहू ,दीपलता, विजय यादव ,एवं बड़ी संख्या में आईसेक्ट के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# सेवा पखवाड़े में भाजपा नेताओं ने सिंधौरी में किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा में अनेक तरह के रचनात्मक कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को भाजपा मंडल राजिम अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंधौरी में भाजपा कार्यकर्ताओं, ग्रामवासियो तथा ग्राम संगठन बिहान समूह की महिलाओं द्वारा पंचायत भवन में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य एवं सेवा पखवाड़ा के प्रभारी चंद्रशेखर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है कि प्रत्येक नागरिक रचनात्मक कार्यों में सहभागिता निभाएं तथा स्वच्छता अभियान व पौधारोपण जैसे पुनीत कार्य को सामूहिक रूप से करें। स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब गांव स्तर तक स्वच्छता अभियान चलाया जाए लोगों को जागरूक किया जाए क्योंकि स्वच्छ भारत होगा और पर्यावरण सुरक्षित होगा तो हम सब स्वस्थ रहेंगे। इस दौरान पं.डिगेश्वर शर्मा के मंत्रोपचार के साथ वृक्षारोपण का संदेश दिया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा ने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान है, इसलिए पेड़-पौधे सभी लोगों को लगानी चाहिए।



### ये भी मौजूद

इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने भाजपा कार्यकर्ता सोहन वर्मा के घर सामूहिक भोज में शामिल हुए। कार्यक्रम में सोहन वर्मा, चंद्रिका पटेल,कीर्ति वर्मा, सुनीति साहू, यशोदा साहू, भगवती वर्मा, अनु वर्मा,पुष्पा ध्रुव,हरिता वर्मा पार्वती वर्मा,पुन्नी पटेल,प्रमोद साहू, उमेश वर्मा,डिगेश देवांगन, देवेंद्र साहू, तेमन पटेल,गौतम निषाद,राजू चक्रधारी,देवा साहू शामिल थे।

# जमाही में रामनाम संकीर्तन का शुभारंभ



**छुईहा बेलर।** ग्रामवासी जमाही के मार्गदर्शन में जन जागृति महिला विकास समिति जमाही के सोनसिर,दुलारी सिन्हा, चनद्रिका, लक्ष्मी ,परागा, अनुसुइया के तत्वावधान में 25 सितम्बर से दो दिवसीय संगीतमय रामनाम संकीर्तन रामसत्ता का आयोजन बजरंग चौक जमाही में किया गया है। आयोजन का समापन 26 सितंबर को संध्या 5 बजे किया जाएगा। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधान सभा क्षेत्र विधायक रोहित साहू अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू ,विशिष्ट अतिथि युवा भाजपा जिलाउपाध्य राजू साहू,जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा मनीष हरित, सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा,पुर्व सरपंच भाजपा नेता रामाधर साहू, दूर्गाराम यादव, मोती निषाद, सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू,सरपंच चरमट्ठी टिकेश साहू सरपंच सिर्टीखुर्द, गजेन्द्र निषाद ,टिकेन्द्र सिन्हा, ग्राम अध्यक्ष समारू ध्रुव, ग्राम पटेल परमेश्वर दिवान , कुमार ध्रव,गौतम ध्रुव,जगत होंगे। उल्लेखनीय है कि महिला मंडल के तत्वावधान में विगत 25 वर्ष के अधिक समय से निरन्तर यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस वर्ष 25 सितम्बर को 24 घंटा की अखण्ड दीप प्रज्वलित एवं देव स्थापना पूजा के साथ शुभारंभ किया गया। इसमें गांव की पांच रामनाम संकीर्तन भजन टोली बनाई गई है, जो 24 घंटा बिना विश्राम से संगीत के साथ रामनाम जप कर रहे हैं। इसमें बच्चों को भी उत्साहपूर्वक शामिल होते देखा है। गौतम ध्रुव गायक,रामचन्द्र गायक,चुम्मन दीवाल गायक उमेन्द्र , दुर्गा, पुरूषोत्तम वादक, मलेच, हेमसिंग यादव,प्रकाश ध्रुव,जोहत,ठाकुर राम,देवनाथ दीवान,हरिशचन्द गोपाल,गौतम,रमेश्वर,रोहित दीवान सोम, सहित समस्त ग्रामवासी, महिला मंडल विशेष व्यवस्था संचालक में सहयोग दे रहे है।



■ समापन में आज मुख्य अतिथि होंगे विधायक रोहित

# हाथबाय में क्रिकेट टूर्नामेंट का जिपं उपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**गरियाबंद** । ब्लॉक अंतर्गत ग्राम हाथबाये में जय मां शीतला क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों द्वारा आठ दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम के मुख्य आतिथ्य में टूर्नामेंट का फीता काटकर शुभारंभ हुआ। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नेताम ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने को कहा। उन्होंने आगे कहा कि खेल मनुष्य के जीवन का ज़रूरी हिस्सा है, इसलिए खेलें और जीवन में सही सफलता पाएं। टूर्नामेंट में आसपास की सैकड़ों टीमों ने हिस्सा लिया है। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद सदस्य राधा बाई नेताम,ग्राम प्रमुख पुनाराम ध्रुव,आयोजन समिति के अध्यक्ष तुलसी राम ध्रुव,उपाध्यक्ष नोहर ध्रुव,सचिव दिनेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष कोमल ध्रुव,संजय ध्रुव,यमन ध्रुव, लोमश ध्रुव,लीलाराम ध्रुव, डीगेश्वर ध्रुव, हेमांग ठाकुर, डोगेंद्र ध्रुव,मोहन ध्रुव, योगेश्वर आदि उपस्थित रहे।



# शिक्षकों को विषय पर पारंगत बनाने, अध्यापन के लिए बताई जा रही सावधानियां व बारीकियां

**गरियाबंद।** जिले में इन सर्विस सेवाकालीन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण प्रारंभ हो चुका है। प्रशिक्षण का उद्देश्य है कि सभी शिक्षकों को विषय पर पारंगत करना तथा कक्षा अध्यापन के समय रखने वाली सावधानियां एवं बारीकियां के बारे में बताना है। प्रशिक्षण विषयों के आधार पर बीआरसीसी भवन के तीन प्रशिक्षण केन्द्रों में संपन्न किया जा रहा है। ताकि किसी भी प्रकार से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित न हो और प्रशिक्षण निर्बाध संपन्न हो। द्वितीय चरण में गरियाबंद जिले के पांचों विकासखंड के अंतर्गत मिडिल स्कूल के गणित,विज्ञान, और सामाजिक ज्ञान पढ़ने वाले शिक्षक शामिल हैं। द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में गणित विषय के कुल 75 सामाजिक विज्ञान के 68 विज्ञान के 41 शिक्षकों को लक्ष्य दिया गया था। जिसमें कुल 176 शिक्षक शामिल हुए। इस प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग विभिन्न स्तरों पर की जा रही है।

**मॉनिटरिंग में पहुंचे अफसर :** प्रशिक्षण की द्वितीय दिवस में मॉनिटरिंग के लिए जिला शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार सारस्वत और विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरपी दास द्वारा किया गया। जिला मिशन कार्यालय समग्र शिक्षा गरियाबंद के द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण के प्रभारी गरियाबंद बी आर सी तेजेश शर्मा भी साथ में थे। मॉनिटरिंग के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित शिक्षकों की पंजी का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी तेजेश शर्मा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि प्रशिक्षणार्थियों को किसी भी प्रकार कीअसुविधा ना हो। इस दौरान सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण का महत्व के बारे में प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चों के भाग्य विधाता हैं राष्ट्र निर्माता हैं।



**समस्याओं का किया समाधान :** इन सर्विस सेवा कालीन प्रशिक्षण की द्वितीय चरण के द्वितीय दिवस में डाइट रायपुर से डाइट प्राचार्य बी एल देवांगन जी ने अपने टीम के साथ प्रशिक्षण केंद्र गरियाबंद में आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उनकी टीम में डाइट रायपुर के व्याख्याता अजय मिश्रा, श्रीमती सुनीता साव व्याख्याता, श्री नीरज सतपुते उपस्थित थे।आकस्मिक निरीक्षण में उपस्थित अधिकारियों ने शिक्षकों को विषय विशेष अध्यापन के दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अध्यापन संबंधी बारीकियों को सविस्तार से बताया।

### ये रहे उपस्थित

प्रशिक्षण के दौरान गरियाबंद जिले के जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा के एस नायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी गरियाबंद आरपी दास, प्रशिक्षण प्रभारी बी आर सी गरियाबंद तेजेश शर्मा, सहित गरियाबंद गणित,विज्ञान, सामाजिक विज्ञान के पांचों विकासखंड के शिक्षक आदि की उपस्थिति रही।

## जिले में सफलतापूर्वक मनाया जा रहा वजन त्योहार

# कुपोषण दूर करने लोगों को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में वजन त्योहार में आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का वजन किया जा रहा है। साथ ही पोषण स्तर भी मापा जा रहा है। बच्चों के पालकों एवं शिशुवती माताओं को बच्चों के सही पोषण स्तर की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन्हें कुपोषण को दूर करने उपाय बताए जा रहे है।

वजन त्यौहार के सफल संचालन के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन मे कार्ययोजना तैयार करते हुये जिले व कलस्टर अनुसार टीम का गठन किया गया है। जिनकी निगरानी में वजन त्यौहार आयोजित किया जा रहा है। वजन त्यौहार का उद्देश्य कुपोषण के प्रति समुदाय को जागरूक करना, प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों की सही पोषण स्थिति से अवगत कराना, प्रत्येक गांव में कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की सही स्थिति के बारे में जागरूक करना है। कुपोषण की सही स्थिति को जानकर प्रत्येक बच्चे की जानकारी सॉफटवेयर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा प्रति दिवस दर्ज कर राज्य में कुपोषित बच्चों की स्थिति का डाटाबेस तैयार किया जा रहा है। जिले के प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र ,ग्राम पंचायत, विकासखंड में कुपोषण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कुपोषण मे कमी करने की कार्ययोजना तैयार किया जाना है। क्षेत्र विशेष वर्ग विशेष में कुपोषण की पहचान करना जिससे यह भी स्पष्ट हो सके कि किन स्थानों पर और किन कारणों से कुपोषण अधिक है ताकि उनके लिए विशिष्ट कार्ययोजना बनाई जा सके। कुपोषण की रोकथाम के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बेसलाईन सर्वे एवं लक्षित बच्चों का चिन्हांकन करना भी उद्देश्य है।



### पालकों से सहयोग की अपील

कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद ने बताया कि बच्चों का वजन संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे कराया जा रहा है। वजन त्यौहार समापन पश्चात गठित टीम द्वारा आयोजित कार्यक्रम का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जायेगा। अशोक पाण्डेय जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत वार्ड स्तर के सभी 0 से 6 वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र मे ले जाकर "वजन त्यौहार 2024" के आयोजन को सफल बनाने हेतु आवश्यक सहयोग प्रदाय करने की अपील की गयी है।

# मानसिक दिव्यांग बच्चों के साथ भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष ने मनाया जन्मदिन



**राजिम।** साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने अपना जन्मदिन मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। बच्चों की भावनाओं के अनुरूप केक न काटकर मोदक लड्डु से मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने गमछा एवं श्रीफल भेंट कर लाला साहू को जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षक, एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, समिति के संरक्षक डॉ रामकुमार साहू ,कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू ,महामंत्री रामकुमार साहू ,डॉ. दिलीप साहू ,महासचिव श्याम साहू ,लोकनाथ साहू ,सोहन साहू ,संगठन मंत्री अमृत साहू ,बलराम साहू, राजू साहू ,मिश्री साहू, युवा प्रकोष्ठ के संयोजक ओंकार साहू, किशोर साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, पूर्व सरपंच रामाधार साहू ,पार्षद अरविंद यदु ,युवा नेता रितेश यादव ,बंधु साहू ,अमित कहार ,बलराम यादव ,जुगन साहनी एवं यांशु विशेष रूप से उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### समाज कल्याण विभाग ने जहरु को दिया श्रवण यंत्र



**छुरा।** जनपद पंचायत के अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को ग्राम पंडरीपानी ग्राम पंचायत खरखरा के निवासी जहरु पिता तिहारु राम को श्रवण बाधित होने के कारण उनके मांग अनुसार तत्काल श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर शिक्षा समिति समाज कल्याण विभाग के सदस्य नीलकंठ सिंह ठाकुर व जनपद सदस्य दीपक चन्द्राकार व पंचायत इंस्पेटर कयाराम यादव, समाजसेवी शीतल ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता पुनिताराम ठाकुर सहित जनपद के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

### आवारा पशुओं की धरपकड़ जारी भेज रहे गौशाला और गौठानों में



**गरियाबंद।** जिले की सड़कों से घुमंतू एवं आवारा मवेशियों को हटाने का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सड़कों में घूमने वाले मवेशियों से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की पहल की जा रही है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार आवारा पशुओं को सड़कों से सुरक्षित हटाने के लिए काऊ केचर की टीम लगी हुई है। टीम के सदस्यों द्वारा पशुओं को सुरक्षित रूप से गाड़ियों में रखकर नजदीकी गौशाला एवं गौठाना में भेजा रहा है। गौशाला एवं गौठानों में चारे पानी की व्यवस्था की गई है। जिससे पशुओं के भोजन की भी समस्या नहीं होगी। मवेशियों के रोकथाम के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे हुए क्षेत्रों नगर पालिका गरियाबंद, नगर पंचायत कोपरा सहित फिंगेश्वर में भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही पशु मालिकों से अपील भी की जा रही है कि अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें इससे सड़कों में दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। जानबूझकर मवेशियों को सड़कों में खुले छोड़ने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान में आज खरहरी में विशेष कार्यक्रम

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर लोगों को साफ-सफाई के बारे में प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 26 सितम्बर को विकासखंड गरियाबंद अंतर्गत ग्राम खरहरी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में स्वच्छता श्रमदान, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता शपथ लेकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

**शपथ-पत्र**

छत्तीस कुमार ध्रुव पिता निरंजन सिंह ध्रुव, उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम-टेंगनाबासा, थाना व तह.-छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.)................................शपथकर्ता

1. यह कि मेरा नाम, पता व अन्य जानकारी उपरोक्तानुसार है :-
2. यह कि छत्तीस कुमार ध्रुव पिता निरंजन सिंह ध्रुव, उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम-टेंगनाबासा थाना व तह.-छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) का निवासी हूँ।
3. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कॉर्ड, राशन कॉर्ड एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में उसका नाम के. संस्कार ध्रुव पिता छत्तीस कुमार ध्रुव (K SANSKAR DHRUW So CHHATTIS KUMAR DHRUW) दर्ज है। जिसे ज्योतिषी कारणों से सुधार करवाना चाहता हूँ।
4. यह कि मेरे पुत्र का नया नाम संस्कार ध्रुव पिता छत्तीस कुमार ध्रुव (SANSKAAR DHRUW SO CHHATTIS KUMAR DHRUW) दर्ज करवाना चाहता हूँ। जो कि सही है।
5. यह कि मेरे पुत्र को ज्योतिषी कारणों से समाज एवं परिवार में उक्त कण्डिका 04 में वर्णित नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जायेगा इसलिए उसके समस्त दस्तावेज में संस्कार ध्रुव पिता छत्तीस कुमार ध्रुव (SANSKAAR DHRUW SO CHHATTIS KUMAR DHRUW) नाम दर्ज करवाना चाहता हूँ।
6. यह कि उक्त शपथपत्र मेरे पुत्र के समस्त दस्तावेज में उसका नया नाम दर्ज करवाने हेतु सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं छत्तीस कुमार ध्रुव पिता निरंजन सिंह ध्रुव, उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम-टेंगनाबासा, थाना व तह.-छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) का निवासी हूँ, जो कि शपथ-पत्र की कंडिका 1 से 6 तक में वर्णित बातें मेरी निजी जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार सही एवं सत्य होने से आज दिनांक 16 SEP 2024 को मुकाम छुरा में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

सत्यापनकर्ता

**आयोजन:** जयंती पर भाजपा के पदाधिकारी विविध कार्यक्रमों में हुए शामिल

# पंड़ित दीनदयाल के सिद्धांतों को भाजपाइयों ने याद कर, बूथ स्तर पर चलाया गया सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम





एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आज किया गया। सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को पार्टी से जोड़ा गया।

भाजपा के विचार सिद्धान्त के जनक की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि दीनदयाल का जीवन संघर्षों से भरा था। बाल्यकाल से ही माता-पिता का साया इनके सर से उठ गया था, कठोर परिश्रम से उन्होंने ग्रेजवेशन की पढ़ाई अच्छे अंकों से पूरी की तत्पश्चात वे आरएसएस जुड़ गए, फिर जनसंघ के राष्ट्रीय महामंत्री और अध्यक्ष भी बने। उनके अध्यक्षीय काल में ही कांग्रेस का पतन शुरू हुआ। उन्होंने राजकीय व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए एकात्म मानववाद के सिद्धांत का प्रतिपादन किया। जनसंघ से 1980 में भाजपा बनी आज की सबसे बड़ी राजनीतिक दल इसी सिद्धांत के अनुसार लोककल्याणकारी कार्य कर रही है। जिसमें देश के हर नागरिक को रोटी, कपड़ा, मकान ,शिक्षा ,स्वास्थ और सुरक्षा की चिंता की जा रही है। प्रारंभ में भाजपा के पितृपुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता किसान नेता संदीप शर्मा एवं कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम तर्रा राजिम में एक पेड़ मां के नाम अन्तर्गत पौधारोपण किया गया। पौधारोपण से पूर्व कार्यक्रम प्रभारी कमलेश साहू की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं साहू भवन में बैठक कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण करते हुए नमन किया गया। इस दौरान पंडित दीनदयाल अमर रहें, अमर रहें के नारों से पूरा भवन गूंज उठा।

■ कमजोर बूथों पर सदस्य संख्या बढ़ाने दिया गया कार्यकर्ताओं को प्रभार

### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में प्रभारी कमलेश साहू, बूथ अध्यक्ष ग्वाल तारक, तोमन साहू,अश्वनी साहू, होरी निर्मलकर, बढ़ाऊ साहू, भूषण साहू, बलिराम विश्वकर्मा, प्रेम साहू, पोषण साहू, संतोष सिन्हा,चेमन साहू, टुकेश साहू, नेपाल साहू, राकेश निर्मलकर, जैन सतनामी सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

### भाजपा के सदस्य बनाए गए

इससे पूर्व कार्यक्रम प्रभारी कमलेश साहू ने बूथों में सदस्यता की स्थिति की जानकारी ली। जिन बूथों में सदस्यता लक्ष्य से पीछे है वहां सदस्यता तेज करने कार्यकर्ताओं को अलग से प्रभार दिए गए, जो ऑनलाइन सदस्य बनाये गए हैं उनके नाम पता से संबंधित मैनुवल फार्म भी भर कर बूथ अध्यक्ष को देने का निर्देश उन्होंने कार्यकर्ताओं को दिए। उपस्थित आम लोगों में से जो सदस्य नही बने थे उनसे भाजपा की रीति नीति पर चर्चा कर सदस्य भी बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन तोमन साहू ने एवं आभार ग्वाल तारक ने किया।

## मोर बूथ मोर अभियान में सेंदर बूथ में चलाया गया सदस्यता अभियान



**छुईहा बेलर।** भाजपा जिला किसान मोर्चा सदस्य नेता भुनेश्वर साहू चैत्रा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर विधायक राजिम रोहित साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर के मार्गदर्शन में मोर बूथ मोर अभियान के तहत ग्राम सेंदर बूथ में सदस्यता अभियान चलाया गया। भुनेश्वर साहू ने कहा दीनदयाल उपाध्याय जंयती के अवसर पर विशेष सदस्यता अभियान का निर्देश प्राप्त हुआ है। इसके तहत 100 सदस्य बनाने अनिवार्य है। बुधवार को मोहन, मोती राम, संतराम ,प्रहलाद सिन्हा, भुलाऊ राम ,तुला राम सहित 25 सदस्य बना कर इस विशेष आयोजन का शुभारंभ किया गया।जिसमें महिलायें ,युवा ,वरिष्ठ नागरिक सभी वर्गों ने बढ़ चढ़कर भारतीय जनता पार्टी की नई सदस्यता ग्रहण की। भाजपा लोकतंत्रात्मक विचार धारा पर आधारित का पक्षधर हैं लिहाजा आज सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। इसमें अनेकों का परिश्रम लगा है। गरीब कल्याण की अन्तोदय की विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा सरकार केन्द्र और राज्य में काम कर रहे हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण करते हुये अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।गोलू नोश साहू भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष फिंगेश्वर मंडल मुकुंद ,धनेंद्र साहू ,खिलेश साहू ,रूपनारायण ,रूपेश वेद प्रकाश रामाधार साहू ,रामू साहू ,जनक साहू ,चंद्रिका, घासी राम बुथ में सदस्यता बनाने में सहयोग किया।

## फिंगेश्वर क्षेत्र में भाजपा का सदस्यता अभियान जोरों पर



**फिंगेश्वर।** भारतीय जन संघ के संस्थापक महान विचारक एवं विद्वान कुशल संगठन करता एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान के तहत विशेष अभियान चलाया गया।

सदस्यता अभियान को लेकर जिम्मेदार भाजपा पदाधिकारी एवं नेताओं को इस विशेष अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर जिम्मेदारी दिया गया था अपने–अपने मतदान केंद्र की क्षेत्र में जाकर कम से कम 100 सदस्य बनाने का जिम्मेदारी पार्टी नेतृत्व ने निर्देशित किया था जिसके तहत जिला गरियाबंद के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामू राम साहू भाजपा मंडल फिंगेश्वर के अध्यक्ष डॉक्टर प्यारेलाल सोनकर किसान मोर्चा के महामंत्री भुवन लाल साहू,मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू,किसान मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर साहू आदि नेताओं ने बूथों पर घर घर पहुंचकर लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। नगर फिंगेश्वर के विनायक नगर वार्ड क्रमांक 12 बूथ क्रमांक 70 मे रामू राम साहू,मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्यारेलाल सोनकर एवं कार्यकर्ताओं ने घर घर पहुंचकर लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। इस अवसर पर रामू राम साहू ने कहा कि आज भाजपा के पित्र पुरुष एवं भारतीय जन संघ के संस्थापक महान विचारक तथा एकात्म मानव प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म जयंती पर प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा में बड़ी संख्या में लोगों को सदस्य बनाया गया है। इस कार्य को लेकर विशेष अभियान चलाकर पंडित दीनदयाल उपाध्यायको नमन कर उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर भाजपा को विश्व के सबसे बड़ा राजनीतिक पार्टी बनाने का लक्ष्य को लेकर कार्य चल रहा है। पिछले बार पूरे भारत वर्ष में 18 करोड़ से भी अधिक सदस्य भारतीय जनता पार्टी के रहे हैं। विश्व का सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में भारतीय बना था। इस समय भी उससे भी अधिक संख्या में भाजपा का सदस्य बना कर भारतीय जनता पार्टी को राजनीतिक ऊंचाइयों पर पहुंचने का लक्ष्य है। डॉक्टर प्यारेलाल सोनकर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबों के प्रणेता रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी अंतिम छोर पर गरीब परिवार के उत्थान और भारत माता का वैभव एवं रक्षा के लिए कार्य करती है। सदस्यता अभियान मे नागरिक जुड़कर देश सेवा,जनसेवा में अपना योगदान अवश्य ही दें।

## बजाज ने 51 साल बाद देवीराम को पुनः भाजपा की सदस्यता दिलाई



**नवापारा-राजिम।** पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती अवसर पर भाजपा के /"मेरा बूथ मेरा अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के अपने गृह ग्राम खोल्हा में 74 वर्षीय देवीराम विश्वकर्मा कारीगर को 51 साल बाद पुनः सदस्य बनाया। स्मरण रहें कि सन 1973 में श्री बजाज ने उसे जनसंघ का सदस्य बनाया था, उस वक्त उनका उम्र मात्र 23 साल था। तब सदस्य बनने के लिए एक रुपया शुल्क देना होता था। देवीराम विश्वकर्मा तब से अब तक जनसंघ और भाजपा का काम करते चला आ रहा है। बुधवार को फिर जब वे ऑनलाइन सदस्य बने तो श्री बजाज सहित समूचे ग्रामवासियों ने उनका अभिनंदन किया।

## कपसीडीह में बनाए गए भाजपा के सैकड़ों सदस्य



**राजिम।** जिले के वरिष्ठतम भाजपा नेता और भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक जितेंद्र सोनकर ने राजिम के टेका ग्राम पंचायत के कपसीडीह के बूथ क्रमांक 98 में बुधवार को ग्राम पंचायत टेका के पूर्व सरपंच द्वारका साहू, दयाराम यादव ,नंदकुमार साहू, भूषण साहू, लेखू साहू, भीखम साहू सहित सैकड़ों लोगों को पार्टी का सदस्य बनाया। इस अवसर पर श्री सोनकर के साथ युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्राथमिक शाला में एफएलएन बेसलाइन का आंकलन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में कक्षा पहली से पांचवी तक दर्ज 103 बच्चों का बेसलाइन आंकलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एफएलएन बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के तहत हिंदी एवं गणित विषय के शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, सरपंच एवं सदस्यों के उपस्थिति में बेसलाइन आंकलन ओ एमआर शीट में दिए गए टूल्स के आधार पर लिया गया। हिंदी विषय के टूल्स वर्ण और अक्षर पहचान, दो अक्षर वाले सरल शब्द, आयु उपयुक्त अज्ञात पाठ से आठ-दस वाक्य पढ़ना, गणित में एक से बीस तक गणना और अंक पहचान 1 -9 संख्या का जोड़ना- घटाना,1 से 9999 तक अंक पहचान गणना, दो अंकों की संख्या का जोड़ना-घटाना, तीन अंकों का जोड़ना-घटाना, कलेण्डर में तिथि और दिन की पहचान, तिथियां और महीनों को क्रम में व्यवस्थित करना, घड़ी में समय देखना, सभी बच्चों का आंकलन किया गया। शत प्रतिशत बच्चों द्वारा सही उत्तर दिया गया। दिये गए उत्तर के आधार पर ओ एम आर शीट में गोला को सदस्यों के उपस्थिति में भरा गया।

बेसलाइन आंकलन में बच्चों द्वारा सही जवाब दिये जाने पर शाला प्रबंधन समिति सदस्यों द्वारा बच्चों एवं शिक्षकों का प्रशंसा की गई। बेसलाइन आंकलन कार्यक्रम में सरपंच मोहनलाल साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भूषण लाल साहू, वरिष्ठ नागरिक लखनलाल साहू ,उपाध्यक्ष वेदलता गोस्वामी, सदस्य इंद्राणी साहू, मनीषा साहू, गीता साहू,गोदावरी साहू,पुनिया ध्रुव प्रधानपाठक भागचंद चतुर्वेदी, शिक्षक गण टीकूराम राम ध्रुव, रेखराम निषाद,प्रदीप कुमार साहू उपस्थित थे।



## नवापारा में पं. दीनदयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन किया अर्पित

**नावापारा-राजिम।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर नवापारा मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष उमेश यादव,नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा ,नवल साहू ,बॉबी चावला, परदेसी साहू , किशोर देवांगन , तनु मिश्रा , साधना सौरज , मुकुंद मेश्राम , धीरज साहू, मनीष देवांगन , हितेश मंडई , मायाराम साहू , दयालु गड़ा , मुस्ताक सुलादा , कैलाश तिवारी , ढुकालू चक्रधारी ,अन्नपूर्णा देवांगन , जीतू बया , भूषण सोना , मुकेश निषाद , हेमलाल साहू , दिनेश टंडन , राजेश गिलहरे , कमलेश कहार उपस्थित थे।

## मुरमुरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई दीनदयाल उपाध्याय जयंती



**कोपरा।** मंडल पाण्डुका के अंतर्गत ग्राम मुरमुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का छाया चित्र पर पूजा अर्चना एवं पुष्प अर्पित कर उनके जीवन दर्पण पर प्रकाश डाला। एक साथ मिलकर संकल्प लिया तथा उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों से सीख लेकर पार्टी एवं समाज की उन्नति के लिए कार्य करने संकल्प लिया गया। इसी कड़ी में सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगो को जुड़ने और हर बूथो में अधिक से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस अवसर पर बूथ प्रभारी डोमार साहू,सरपंच दशोदा ध्रुव,बुथ अध्यक्ष अनिल साहू,युवा कार्यकर्ता सुरेन्द्र कुमार साहू,दीपक ध्रुव, चम्मन साहू,तेजू राम साहू,बेदराम साहू, नीलकंठ साहू, लालाराम साहू,लीलू राम साहू,रिखी राम साहू,खोवाराम साहू,बिसम्भर साहू,सुनीता ध्रुव सहित आदि उपस्थित थे।

## गंभीर बीमारी से जूझ रही रूखमणी हो होगा निःशुल्क इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

■ समाज सेवी मनोज पटेल ने निःशुल्क इलाज के लिए शुरू की पहल



ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी जानकारी के अभाव में गरीब वर्ग के लोग अपने बच्चों का इलाज कराने में असमर्थ है, जबकि शासन प्रशासन द्वारा चिरायू योजना के तहत बच्चों के इलाज के लिए सुविधा मुहैया कराकर जो भी खर्च आता हैं उसे सरकार वहन करती है।

छुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोगरा में एक ऐसा मामला की जानकारी है कि 9 वर्ष की बेटी रुखमणी नेताम कक्षा चौथी जिनका बचपन से ही लेटरिंग नली बंद है और बाथरूम नली से दोनों कार्य करती है उम्र जैसे-जैसे बढ़ने लगी अधिक परेशानी होने लगी। समूह की महिलाएं मदद करने आगे आए। इस बात की जानकारी जतमई महिला संगठन मोगरा के अध्यक्ष रजनी नेताम द्वारा जिले के समाज सेवी मनोज पटेल को दी। उन्होंने तत्काल गरीब परिवार की बेटी के इलाज के लिए प्रयास किया और आयुष्मान कार्ड बनचाया और छुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिजनों को बुलाकर अस्पताल में चिरायु योजना के तहत इलाज कराने की जानकारी दी। साथ ही रायपुर के एक बच्चों की निजी अस्पताल में भी इलाज के लिए बात की गई है। परिजनों को जिले के इंडियन रेड क्रॉस संरक्षक सदस्य समाजसेवी मनोज पटेल ने आश्वासन दिया कि इलाज जहां भी हो निःशुल्क कराने का हम पूरा प्रयास करेंगे।

## स्व सहायता समूह ने श्रमदान कर स्वच्छता के लिए लोगों को किया जागरूक




**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 10 किमी दूर ग्राम धवलपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान स्व सहायता समूह द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें सार्वजनिक संस्थाओं में साफ सफाई एवं श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान गांव को सुंदर व स्वच्छ बनाने के ग्रामीणजनों एवं नागरिकों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत के सीईओ अमजद जाफरी, क्षेत्रीय समन्वयक दुर्गेश प्रसाद साहू, प्रफुल देवांगन पीआरपी तेजराम साहू, नागेश्वरी पटेल केडर, सुजाता, मीना यादव, मूलेश्वरि, रानू सोनवानी, अनुसुइया बाई, अनिता एवं स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खुड़ियाडीह में ओपन कबड्डी प्रतियोगिता 28 को

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** ग्राम खुड़ियाडीह (छुरा)में एक दिवसीय ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 28 सितम्बर को रखा गया है। इसमें महिला वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए हीरा सिंह ठाकुर के द्वारा ट्रॉफी राजकुमार ठाकुर द्वारा, द्वितीय 5001 रुपए केसरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य द्वारा, तृतीय 3001 रुपए बसदेव राम ध्रुव द्वारा, चतुर्थ 2001 रुपए सरपंच ग्राम पंचायत पिपरहट्टा द्वारा। इसी तरह पुरुष वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए समस्त ग्रामवासी द्वारा ट्रॉफी महेश कुमार ध्रुव द्वारा, द्वितीय 7001 रुपए समिति द्वारा ट्रॉफी चनेश्वर नागेश द्वारा, तृतीय 5001 रुपए समस्त ग्रामवासियों द्वारा ट्रॉफी नेता राम पटेल द्वारा, चतुर्थ 3001 रुपए रोहित नागेश द्वारा ट्रॉफी पुरण नागेश द्वारा प्रदान की जाएगी। आकर्षक ईनाम दोनों वर्ग के लिए - बेस्ट ऑलराउंडर रेंजर साइकिल बेस्ट रेडर 251 रुपए एवं ट्रॉफी बेस्ट कैचर 251 रुपए एवं ट्रॉफी बेस्ट ब्लॉकर 251 रुपए एवं ट्रॉफी रखी गई है। यह जानकारी हेमू सिंग नागेश द्वारा दी गई।

### दौड़, लम्बी कूद और गोला फेंक में चंचल प्रथम



**कोपरा।** जिला महासमुंद में आयोजित विभाग स्तरीय एथलेटिक्स एवं कबड्डी प्रतियोगिता में चंचल साहू ने 400 मीटर दौड़, लम्बी कूद और गोला फेक में प्रथम तथा रिले दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कुमारी चंचल साहू सरस्वती शिशु मंदिर राजिम में कक्षा 10 वीं की छात्रा है। उक्त प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने पर सभी शिक्षक और विद्यार्थियों ने कुमारी चंचल को बधाई दी। कुमारी चंचल साहू ने उक्त प्रतियोगिताएं जीत कर ग्राम बहरापाल और सरस्वती शिशु मंदिर राजिम का मान बढ़ाया है।

### सभी गांवों में 2 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी ग्रामसभा

**गरियाबंद।** जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन 2 अक्टूबर को किया जाएगा। ग्राम सभा में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। ग्रामसभा में लिए गये निर्णयों का अधिकतम 15 मिनट का वीडियो ग्रामसभा निर्णय मोबाईल एप में अपलोड किया जाएगा। साथ ही ग्राम सभा के गतिविधियों को वाईब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल में शत प्रतिशत अपलोड सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सभी एसडीएम एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्रामसभा आयोजन के लिए स्थानीय स्तर पर तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जनपद पंचायतवार प्रत्येक ग्रामों में ग्रामसभा आयोजित करने के लिए समय सारणी निर्धारित करने एवं स्थानीय अधिकारी-कर्मचारियों को विशेष जिम्मेदारी देने के निर्देश दिये है। 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाले ग्रामसभा में ग्रामसभा की पूर्व बैठकों में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन, पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा की जाएगी। एवं पिछली छमाही मे विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि स्वीकृत राशि, व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन किया जाएगा।

# रमई पाठ धाम ने लिया पयर्टन का रूप, दूर-दूर से पहुंचे हैं श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

विकासखण्ड छुरा के अंतिम छोर घाट खाल्हे में बसे ग्राम सोरिद खुर्द के पहाड़ी में प्राकृतिक झरना के समीप माता रमई पाठ धाम में दुखियों की मनोकामना पूरी होती है। माना जाता है कि यहां निःसंतान दम्पतियों मनोकामना पूरी होती है। यह एक ऐतिहासिक स्थल हैं, जिनका वर्णन रामायण व महाभारत ग्रन्थ में मिलता है। रमई पाठ अब धीरे- धीरे धार्मिक पर्यटन स्थल में परिवर्तित हो रहा है। मन्दिर के पुजारी ने बताया कि पूरी पहाड़ी में भले ही कहीं पानी न निकले, लेकिन इस आम के पेड़ की जड़ से हमेशा स्वच्छ, मीठा और निर्मल जल की धारा बहती है। यह धार नीचे कुछ दूर जाकर विलुप्त हो जाती है। बताया जाता है कि मंदिर परिसर में आम का सदियों पुराना पेड़ इस स्थल की चमत्कारिक शक्ति को प्रमाणित करता है। मंदिर में मौजूद हजारों सांकल इस बात प्रमाण भी है।

■ रामायण व महाभारत ग्रन्थ में मिलता इस स्थल का वर्णन





### संतान प्राप्ति के बाद लोग चढ़ाते हैं लोहे की सांकल

मंदिर के पुजारी ने बताया कि यहां पर नवरात्रि में माता को प्रसन्न करने के लिए भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति जलाई जाती है। मान्यता है कि इस मंदिर में माता अपने भक्तों की पूरी मनोकामना पूरी करती हैं। निःसंतान दम्पतियों की झोली में भी भरती देखी गई है। संतान प्राप्ति के बाद यहां लोग सांकल (लोहे की बनी चैन) चढ़ाते हैं। समिति के अध्यक्ष गेंदलाल ने बताया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्रि की तैयारी जोरों से की जा रही है और मनोकामना ज्योति कलश हेतु 551 रुपये रखा गया है। साथ ही उपाध्यक्ष पुनारद निर्मलकर, जीवन साहू, विष्णु साहू, तिलकराम सिन्हा, मनीराम, रेवाराम, बलदाऊ, आशा, मधु, सन्तोष जो माता कि सेवा में हमेश निःस्वार्थ भाव से माता की सेवा व तैयारी में लगे हुए हैं। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि की कलश स्थापना 3 अक्टूबर गुरुवार से प्रारंभ होगी, जिसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

## विडंबना : गौरघाट के प्राथमिक स्कूल में अध्ययनरत है 59 बच्चे

# एक शिक्षक के भरोसे पांच कक्षाओं का संचालन, प्रशासन की पोल खुली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में बदहाल शिक्षा व्यवस्था में सुधार होते नजर नहीं आ रहा है। इसके चलते आदिवासी क्षेत्र के बच्चों का भविष्य अंधकारमय होते जा रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 02 किलोमीटर दूर ग्राम गौरघाट के प्राथमिक शाला की दयनीय स्थिति के चलते पालकों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है। ग्राम पंचायत सरपंच खेलन दीवान के नेतृत्व में ग्रामीणों व पालकों ने मैनपुर पहुंच कर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिक्षक व्यवस्था करने की मांग की। साथ ही शिक्षक व्यवस्था नहीं करने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है।

■ ग्रामीणों ने बीईओ से की शिक्षक की मांग, सौंपा ज्ञापन

गौरघाट प्राथमिक शाला भवन वर्षो पुराना है और वर्तमान में पांच कक्षाओं के 59 छात्र छात्राओं को मात्र एक शिक्षक द्वारा पढ़ाई करवायी जाती है। यहां शिक्षक की कमी के चलते पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई बार ग्रामीणों और पालकों ने शिक्षक की समस्या को लेकर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर को आवेदन चुके हैं, लेकिन उनके द्वारा शिक्षक की कमी को दूर करने कोई प्रयास नहीं किया गया, जिसके कारण आदिवासी बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच खेलन दीवान एवं पालक लोकेश्वर ध्रुव, नंदसाय मरकाम, रूदेश्वर मरकाम, शंकरलाल ध्रुव, यश कुमार, तोरण मरकाम, गौतम राजपूत, हरिशचंद मरकाम, पवन मरकाम, जीवन ध्रुव, कोमल नागेश व बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बताया कि एक तरफ शासन प्रशासन द्वारा बेहतर शिक्षा व्यवस्था की दम भरते नहीं थका रहा है, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है ठीक इसके विपरीत यहां शासकीय प्राथमिक शाला में आदिवासी बच्चे जब पढ़ाई करने आ रहे हैं तो उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है, जिसके कारण बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। जब तहसील मुख्यालय के नजदीक और नेशनल हाईवे से लगे ग्राम में यह स्थिति है, तो अन्य जगह की बात छोड़ दीजिए।





### पालकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

गौरघाट शासकीय प्राथमिक शाला में एक शिक्षक कैसे पांच कक्षाओं के 59 बच्चों को शिक्षा देता होगा यह एक बड़ा सवाल है। साथ ही जब शिक्षक शासकीय कार्य में मैनपुर कार्यालय या अन्यत्र जाना होता है, तो ऐसे स्थिति में स्कूल में ताला लग जाता है, साथ ही कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, पांचवी के बच्चों को एक साथ एक समय में शिक्षा देना एक शिक्षक के लिए किसी जादूगरी से कम नहीं होगा। सरपंच व ग्रामीणों ने आदिवासी बच्चों के भविष्य को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद से मांग की है कि तत्काल एक और शिक्षक की व्यवस्था की जाये, अन्यथा ग्रामीण आंदोलन करने बाध्य होंगे।

# लोगों को साक्षर बनाने स्वयंसेवी शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय संकुल स्तरीय स्वयंसेवी शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ संकुल केंद्र लोहरसी के समन्वयक दुलेश्वर सिन्हा, ग्राम प्रभारी प्रधान पाठकों और अन्य शिक्षकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सिन्हा ने उल्लास शपथ दिलायी। मास्टर ट्रेनर नुमेश कंवर ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल ब्लॉक और जिला तक सीमित नहीं है पूरे भारत में चल रहा है। यह केवल अक्षर एवं संख्या ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक है। जिसमें उन्हें महत्वपूर्ण जीवन कौशल का ज्ञान होगा। प्रशिक्षणार्थियों को अपने-अपने गांव के असाक्षरों को प्रेरित करते हुए नव साक्षर बनाने में सहयोग प्रदान करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर कौशल का प्रयोग करके समाज से वंचित वर्गों तक और अधिक बेहतर तरीके से शिक्षा का प्रकाश पहुंचाएं। उन्होंने पढ़ाने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों का उदाहरण देते हुए कहा कि दोनों में बेहतर और अच्छा तालमेल बन जाता है। वह अपने शिक्षक की हर बात उनकी हर गतिविधि बड़ी बारीकी से आलोकन करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से साक्षरता को बढ़ावा देने और समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है।प्रशिक्षण में प्रधान पाठक रूपसिंह दीवान, धुरसा सरपंच रमेन्द्र साहू, दुकलहा बघेल, शिक्षक अमित भोसले, महेन्द्र बंजारे, तेजकुमार माण्डले, मुकेश यादव, लालजी सिन्हा, स्वयंसेवी शिक्षक धुरसा से कोयल बंजारे, लीना आडिल, सरिता चतुर्वेदी, ऐश्वर्य गंधर्व, शैलेन्द्री आडिल, लोहरसी से मोनिषा साहू, जागृति साहू, संतोषी साहू, रवेली से भुनेश्वरी यादव, खिलेश्वर यादव, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, भेण्ड्री से वेदलता गोस्वामी, इन्द्राणी साहू, रेखा यादव उपस्थित थे।

■ प्रशिक्षण में शामिल सभी स्वयंसेवियों को उल्लास की शपथ दिलायी गई

# अग्रणी बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों ने की साफ-सफाई, जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल




हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में 17 सितम्बर को ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024'' का शुभारंभ किया था। इसी तारतम्य में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं अग्रणी बैंक कार्यालय गरियाबंद द्वारा जिला मुख्यालय के इंडोर स्टेडियम में स्वाभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर अग्रणी बैंक के अधिकारी - कर्मचारी, नगरीय निकाय के कर्मचारियों, खिलाड़ियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने मैदान में उगे खरपतवार, वेस्टेज पॉलीथिन, पानी बॉटल एवं कचड़े की साफ - सफाई श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। इस दौरान स्वच्छता को अपनाने के लिए स्वच्छता शपथ दिलायी। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के पार्षद आसिफ मेमन, लीड बैंक अधिकारी मोहम्मद मोफिज, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक दीनबंधु ध्रुव, अंत्यावसायी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रश्मि गुप्ता, सहायक आयुक्त सहकारिता डॉ. उषा ध्रुव, सहायक संचालक जनसम्पर्क हेमनाथ सिदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संध्या वर्मा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता विप्लव धृतलहरे, अकाउंट ऑफिसर पीएल पुसारिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनवायेंगे फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने आगामी नगरीय निकाय निर्वाचन के मद्देनजर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की है। अधिकारियों को नगरीय निकाय आम निर्वाचन हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने तथा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। अपील प्राधिकारी के कृत्यों का संपादन अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय करेंगे। नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत नगर पालिका परिषद गरियाबंद के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद राकेश कुमार गोलछा को रजिस्ट्रीकरण तथा तहसीलदार गैंदलाल साहू को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत छुरा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छुरा विशाल महाराणा को रजिस्ट्रीकरण तथा तहसीलदार रमेश कुमार मेहता को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। नगर पंचायत राजिम के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विशाल महाराणा तथा तहसीलदार अजय कुमार चन्द्रवंशी को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाये गये है। नगर पंचायत कोपरा के लिए डिप्टी कलेक्टर अर्पिता पाठक को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार अजय कुमार चन्द्रवंशी को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाये गये है। नगर पंचायत फिंगेश्वर के लिए डिप्टी कलेक्टर रामसिंह सोरी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार डिम्पल ध्रुव को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाये गये हैं।

■ नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारी के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

# स्वास्थ्य शिविर में किया गया कई बीमारियों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम युनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस, फार्मेसी विभाग द्वारा विश्व फार्मेसी दिवस पर एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण एवं दवा वितरण का कार्यक्रम ग्राम पंचायत चुरकीदादर व कोसमी में आ यो जि त किया गया। इस शिविर के प्रबंधन के लिए फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत ने अपने समस्त प्राध्यापकों, विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे एवं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए लीलावती हॉस्पिटल, छुरा से आये हुए मेडिकल ऑफिसर डॉ. हनी सिंह गुप्ता के द्वारा जांच, उपचार किया गया। वहीं दवाओं का वितरण सभी प्रशिक्षु फार्मासिस्ट द्वारा किया गया। निःशुल्क स्वास्थ शिविर में ब्लड प्रेशर जांच, पल्स जांच और शुगर जांच, वजन जांच इसके साथ साथ सर्दी, खासी, सामान्य बुखार, सिरदर्द एवं अन्य स्वास्थ्य उपचार किया गया। ग्राम पंचायत चुरकीदादार में सरपंच चरण मरकाम, उपसरपंच चरण जगत सहित 60 से भी अधिक व्यक्तियों का निःशुल्क चिकित्सा उपचार एवं दवाइयों का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत कोसमी के सरपंच उलसी दीवान सहित 30 से भी अधिक व्यक्तियों का निःशुल्क चिकित्सा उपचार एवं दवाइयों का वितरण किया गया।

■ जनप्रतिनिधियों ने निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया,




### निकाली गई जागरूकता रैली

ग्राम चुरकीदादर और कोसमी में फार्मेसी के विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसके अंतर्गत ग्रामीणों को दवाइयों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के संयोजक अश्वनी कुमार साहू थे। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, लुकेश्वरी वर्मा, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बी पी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डा. एन. के. स्वामी सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दी।

# बिहान स्व सहायता समूह ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत प्रगति संकुल संगठन धवलपुर के स्व सहायता समूह द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। इसमें सार्वजनिक संस्थाओं में साफ सफाई एवं श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया।




इस दौरान गांव को सुंदर व स्वच्छ बनाने के ग्रामीणजनों एवं नागरिकों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम अवसर पर स्वच्छता रैली, स्वच्छता की शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत के सीईओ अमजद जाफरी, क्षेत्रीय समन्वयक दुर्गेश प्रसाद साहू, प्रफुल देवांगन पीआरपी तेजराम साहू नागेश्वरी पटेल केडर, सुजाता, मीना यादव, मूलेश्वरि, रानू सोनवानी, अनुसुइया बाई, अनिता एवं स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान



**कोपरा।** ग्राम लोहरसी बूथ क्रमांक 213, 214 में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई एवं प्रत्येक घर संपर्क कर भाजपा के लिए अभियान चलाया गया। इसमें प्रभारी सोमप्रकाश साहू, दिलीप शर्मा बूथ अध्यक्ष व ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।




